सेवा में


डॉ आर के0 चतुर्वेदी
अपर सचिव


विषय : प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा ,सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिये मिशन शक्ति विशेष अभियान चलाए जाने के सम्बंध में।

महोदय,


उपरोक्त विषय के सम्बंध में जे0 एस0 विश्वविद्यालय शिकोहाबाद में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए एवं विस्तृत कार्ययोजना के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसका प्रतिदिन का विवरण आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

1. दिनांक **26.02.2021** को विश्वविद्यालय द्वारा वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार के माध्यम से विश्वविद्यालय के विधि संकाय से डॉ रवि त्यागी ने लैगिक समानता , घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा , पाक्सो एक्ट तथा महिला हेल्प लाइन 1090 , 108, 102 112, एवं 181 आदि प्रचलित कानून के सम्बंध में जानकारी दी। इस वेबिनार में छात्र – छात्राओं ने भी अपनी समस्याऐं रखीं तथा उनसे निपटने के उपाय पूछें।





2. दिनांक **27.02.2021** को विश्वविद्यालय में अभिवावकों तथा , छात्रों एवं अध्यापकों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सम्मान विषयक पर वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभाग की अध्यापक अध्यापिकाऐं उपस्थित रहे। शिक्षा विभाग से श्रीमती सुमन यादव ने महिलाओं के सम्मान पर विचार रखे। तथा उनके अधिकारों से अवगत कराया।




3. दिनांक **28.02.2021** को विद्यालय द्वारा वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं तथा बालिकाओ के सुरक्षा एवं स्वावलम्बन पर विचार रखे गये । इस वेबिनार में अंग्रजी विभाग से श्रीमती अनुराग यादव ने महिलाओं के स्वालम्बन एवं सुरक्षा पर छात्राओं को जानकारी दी। वेबिनार में छात्र तथा छात्राओं ने भी अपने विचार रखें।




4. दिनांक **01.03.2021** मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा महिला शिकायत प्रकोष्ठ के सदस्यो द्वारा छात्राओं व महिलाओं को कार्य परिसर में आने वाली समस्या तथा उनके हल पर सेमिनार का आयोजन किया गया। महिला शिकायत प्रकोष्ठ सदस्य रूपाली शर्मा ने छात्राओ से उनकी समस्याऐं पूछी तथा विश्वविद्याालय द्वारा बनाये गये महिला शिकायत प्रकोष्ठ से उन्हे अवगत किया ।








5. दिनांक **02.03.2021** को आयोजित मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत अध्यापिकाओं द्वारा महिला शिक्षा पर जोर देते हुए उनके लिए रोजगार के अवसर से सम्बंधित सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में छात्र– छात्राओं द्वारा कल्याण और सहायता सेवाओं,. रोजगार और आय सृजन के लिए प्रशिक्षण जागरूकता आदि विषयों पर विचार रखते हुए भाग लिया गया।




6. दिनांक **03.03.2021** को अभियान को आगे बढ़ाते हुए विश्वविद्यालय द्वारा महिला सशक्तिारण के मार्ग में आने वाली बाधाओं का वर्णन करते हुए अध्यापक एव अध्यापिकाओं ने निम्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला तथा महिलाओं तथा छात्राओं को उनसे डटकर सामना कर उन्हें मार्ग से हटाये जाने की भी बात की।


   1. सामजिक मापदंड
   2. कार्यक्षेत्र में शारीरिक शोषण
   3. अशिक्षा
   4. बालविवाह
   5. कन्या भ्रूण हत्या





7. दिनांक **04.03.2021** को विश्वविद्यालय में आयोजित वेबिनार में अध्यापिकाओं ने महिलाओं व बालिकाओं का समाज में उनके महत्व पर प्रकाश डाला तथा बताया कि महिलाऐं पुरूषों के बराबर हैं। उन्हें न केवल घरेलू और पारिवारिक जिम्मेदारियाँ बल्कि हर क्षेत्रों में सक्रिय और सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। वे सभी सम्स्याओं का समाधान अच्छी तरह से कर सकती है



8. दिनांक **05.03.2021** को विश्वविद्यालय द्वारा एक सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें मनोचिकित्सक डॉ अमरप्रीत ने मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधी परामर्श व सुझाव दिए। मौजूद रहे सभी अध्यापक – अध्यापिकाओं व छात्र छात्राओं ने भी अपने मानसिक परेशानियों से दूर होने के उपाय पूछें।








10. दिनांक **06.03.2021** को विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ सुनील यादव द्वारा एक सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें उन्होंनें महिला सशक्तिकरण पर ज़ोर दिया और इसे वर्तमान समाज की जरूरत बताया । उन्होनें छात्राओं को जीवन में आत्मरक्षा का महत्व समझाते हुए महिला सुरक्षा प्रशिक्षण का वर्णन किया। सेमिनार में उपस्थित विशेषज्ञ कुमारी विशाखा द्वारा जूडो तथा आपातकाल में आत्मसुरक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया गया।






11. दिनांक **07.03.2021** को  विश्वविद्यालय के अध्यापक व अध्यापिकाओं द्वारा छात्र – छात्राओं के मध्य महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार की भूमिका का वर्णन किया गया जिसमे उन्होंने सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं जैसे – बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना , उज्जवला योजना , महिला शक्तिकेंद्र , पंचायती राज योजनाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण आदि से उन्हें अवगत कराया गया।

